सुन सांवरे तेरे हम दीवाने हुए

धुन: सुन सांवरे तेरे ही भरोसे मेरी नाव रे

सुन सांवरे तेरे हम दीवाने हुए बांवरे,
भगतों की बाहें बाबा, आकर के थाम रे,
सुन सांवरे....

दे दो सहारा हम तो, आये हैं भरोसा लेके,
दुनिया से हारे, दर पे तुम्हारे,
छोड़ेंगे अब तो ना हम, खाटू का गांव रे,
सुन सांवरे....

दुःख से भरी हैं आंखें अश्कों की धार है,
ज़ख्मों से तन-मन देखो हुआ तार तार है,
कर दो हे करुणा सागर, किरपा की छांव रे,
सुन सांवरे....

तेरी रहमतों का साया जिसे भी मिला है,
चोखानी जाने उसका जीवन खिला है,
रहता हमारे मुख में, बस तेरा नाम रे,
सुन सांवरे....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27732/title/sun-sanwre-tere-hum-diwane-huye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |